# खरसावाँ हल्दी 'इनोवेटिव प्रोडक्ट आईडियाज' के लिये चयनित

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड के **सरायकेला खरसावाँ ज़िले की ऑर्गेनिक हल्दी** को '**अवॉर्ड फॉर इनोवेटिव प्रोडक्ट आइडियाज**' के लिये चयनित किया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- नई दिल्ली में **आदिवासी मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा** इस हल्दी के लिये पुरस्कार प्रदान करेंगे।
- इसके अलावा बंगाल, असम, छत्तीसगढ़, नगालैंड, कर्नाटक, ओडिशा, महाराष्ट्र के उत्पाद भी पुरस्कार हेतु चयनित किये गए हैं।
- राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला द्वारा खरसावाँ हल्दी के पाउडर को जाँच करने पर 7.01 प्रतिशत करक्यूमिन पाया गया, जो सामान्य हल्दी में केवल 2 प्रतिशत होता है।
    - करक्यूमिन हल्दी में मौजूद विशेष गुणों का मापक है।
- इसका इस्तेमाल त्वचा संबंधी उत्पादों के निर्माण में किया जाता है तथा यह शरीर की कोशिकाओं को नष्ट होने से बचाने के साथ-साथ कैंसर एवं हृदय संबंधी बीमारियों के इलाज हेतु भी उपयोगी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/innovative-product-ideas-award